# फर्जी राशन कार्ड और आयुष्मान योजना की होगी जांच, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**आदेश जारी**

**आयुष्मान कार्ड के दुरूपयोगी की शिकायत को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में फर्जी राशन कार्ड,आधार और आयुष्मान कार्ड के दुरूपयोगी की शिकायत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। वे संबंधित अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों में राशन कार्डों के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रमुख सचिव एल.फैनई ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर राशन कार्डों के गहन सत्यापन के आदेश दिए हैं।

शिकायतों में यह आशंका जताई गई है कि कुछ लोगों की ओर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड बनवाकर आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया जा रहा है। इसके अलावा गैस कनेक्शन सब्सिडी और अन्य सरकारी लाभ योजनाओं के दुरुपयोग के मामले भी सामने आए हैं। राज्य में पहले भी इस तरह का सत्यापन अभियान चलाया गया था,जिसमें करीब 70 हजार यूनिट्स को संदिग्ध पाया गया था। हालांकि,बाद में यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। अब एक बार फिर से इस अभियान को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में करीब 9,050 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें संचालित हैं, जिनके माध्यम से 23,40,864 राशन कार्डों पर लगभग 94.95 लाख लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के तहत बाहरी राज्यों के हजारों परिवार भी राज्य में राशन का लाभ ले रहे हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार,विभिन्न राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और असम से जुड़े लगभग 20,315 परिवार उत्तराखंड में राशन कार्ड के माध्यम से लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

सरकारी अधिकारियों का मानना है कि कई मामलों में राशन कार्ड, आधार और आयुष्मान कार्ड के बीच लिंकिंग में गड़बड़ियों के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इन सभी दस्तावेजों की आपसी जांच कर आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए व्यापक सत्यापन अभियान चलाने की तैयारी है।

# नैनीताल की भूमिका ने हाईस्कूल में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**सफलता**

**भूमिका ने परीक्षा में 500 में से 490 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल जनपद की भूमिका जलाल ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ाया है। भूमिका ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। भूमिका नैनीताल जनपद के बेतालघाट विकासखंड के अंतर्गत अल्मोड़ा-भवाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थिर गोविंद बल्लभ पंत राजकीय इंटर कॉलेज खैरना की छात्रा हैं। उनके पिता देवेंद्र सिंह जलाल व्यवसायी हैं।

भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा परिजनों के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग सात घंटे अध्ययन कर यह उपलब्धि हासिल की है। भविष्य में वह अभियंता बनने की इच्छुक हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएं दी हैं।

## ज्योतिर्मठ की तृप्ति डिमरी ने जिले में प्राप्त किया पहला स्थान

**ज्योतिर्मठ/टीम एक्शन इंडिया**
पीएमश्री राजकीय आदर्श बालिका इंटर मीडियट कॉलेज की बारहवीं की छात्रा तृप्ति डिमरी ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद चमोली मे पहला स्थान प्राप्त किया है, होनहार तृप्ति ने हाई स्कूल मे भी 92.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्रका नाम रोशन किया था। सीमांत नगर ज्योतिर्मठ के रविग्राम वार्ड की निवासी तृप्ति की कक्षा एक से सातवीं तक की पढ़ाई देवभूमि पब्लिक स्कूल रविग्राम मे हुई, पिता मोहन प्रसाद डिमरी का साया सिर से उठने के बाद माता रंजना डिमरी ने बेटी तृप्ति की परवरिश की

# दून में एयर अटैक मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन तंत्र की परखी गई तैयारियां

**परीक्षण**

**प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आपातकालीन व्यवस्था का परीक्षण किया गया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एयर अटैक की स्थिति से निपटने के लिए देहरादून में शुक्रवार रात्रि मॉक ड्रिल आयोजित की गई। निर्धारित मानकों के अनुसार सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आपातकालीन व्यवस्था की तत्परता का परीक्षण किया गया।

पुलिस कंट्रोल रूम से रात्रि 10:05 बजे एयर अटैक की सूचना प्राप्त होते ही जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र (ईओसी) सक्रिय किया गया और इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में 10:05 से 10:35 बजे तक पूर्ण ब्लैकआउट सुनिश्चित किया गया।

इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के माध्यम से दूरसंचार, मोबाइल, वायरलेस एवं हॉटलाइन के जरिए सतत संपर्क बनाए रखा गया। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कंट्रोल रूम में तैनात रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को भी राहत एवं बचाव कार्यों में लगाया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान शहर के चार स्थान- घंटाघर, डील रायपुर, आराघर और आईएसबीटी को प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया। आईएसबीटी क्षेत्र में रात्रि 10:34 बजे बम विस्फोट की काल्पनिक घटना दर्शाई गई, जिसमें 4 मृतक, 6 गंभीर घायल और 5 सामान्य घायल दिखाए गए।

घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए दून चिकित्सालय भेजा गया।

आराघर क्षेत्र में 10:36 बजे बम गिरने की सूचना पर एक्सप्लोसिव ऑर्डिनेंस डिस्पोजल (ईओडी) टीम ने बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। वहीं, घंटाघर क्षेत्र में बमबारी से निकटवर्ती पुलिया के क्षतिग्रस्त होने व बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति दर्शाई गई, जिसकी बहाली के लिए संबंधित विभागों ने कार्रवाई शुरू की।

डील रायपुर और आराघर क्षेत्रों में किसी प्रकार की जनहानि नहीं दर्शाई गई। सभी प्रभावित स्थलों पर सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अर्द्धसैनिक बल, स्थानीय पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमों ने समन्वित रूप से राहत एवं बचाव कार्य किए।

सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की तैनाती भी सभी स्थानों पर की गई, जिनमें घंटाघर और आराघर में 52-52, आईएसबीटी में 36 और डील रायपुर में 12 स्वयंसेवक शामिल रहे।

यह मॉक ड्रिल केन्द्र सरकार के निर्देशों के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना था, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**न्यूज फ्लैश**

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेधावी छात्रों से की फोन पर बात

**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की ओर से घोषित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों से शनिवार को दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा में टॉप अंक प्राप्त करने वाले अक्षत गोपाल (रामनगर), इशांत कोठारी (उत्तरकाशी), भूमिका (नैनीताल) और योगेश जोशी (बागेश्वर) से संवाद कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली गीतिका पंत (बागेश्वर), सुशीला मेंदीरत्ता (उधमसिंह नगर), आर्यन (देहरादून) और वंशिका (हरिद्वार) से भी मुख्यमंत्री ने फोन पर बातचीत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं इस स्तर की उपलब्धियां हासिल कर पाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर समर्पित रहें और राज्य व देश के विकास में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महक व प्रमोद ने बढ़ाया पौड़ी का मान

**पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
बोर्ड परीक्षाओं में शहर के स्कूलों ने निराश किया वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिले में पाबौ ब्लाक के जनता इंटर कालेज पोखरीखेत की छात्रा महक ने इंटर में 96 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट सूची में सातवां स्थान हासिल किया।
महक ने हाईस्कूल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाही महक ने हिम्मत नहीं हारी और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। महक ने पूर्व में हाईस्कूल परीक्षा में भी 95.80 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में 19वाँ स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का उत्कृष्ट परिचय दिया था। उनकी यह सतत उत्कृष्टता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महक की इस उपलब्धि से शिक्षा विभाग के साथ ही स्कूल परिसर के साथ ही परिजनों में खुशी बनी हुई है। वहीं, जिले के कल्जीखाल ब्लाक के राइंका पुरियाडांग के 10 वीं के छात्र प्रमोद कुमार मंदोला ने 94फीसदी अंक पाकर प्रदेश की मेरिट सूची में 15 स्थान पाया है।
प्रमोद कुमार की माता कविता देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। जबकि पिताजी विधानचंद मंदोला वाहन चालक है। प्रमोद की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर मुख्यमंत्री धामी ने किया नमन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। धामी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बहुगुणा ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को घंटाघर के निकट एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में स्व. बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहुगुणा केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने पहाड़ी अंचलों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली। उनका संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और जनहित में कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। स्व. बहुगुणा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विद्या भारती ने फहराया परचम

**बोर्ड परीक्षा**

**कक्षा 12 में मेरिट में पहले से लेकर चौथे स्थान पर विद्या भारती के विद्यार्थी काबिज रहे**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अनुप्राणित विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विद्या मंदिरों में अध्यनरत विद्यार्थियों ने उत्तराखंड राज्य की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया है।
इंटरमीडिएट की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज बागेश्वर की बालिका गीतिका पंत ने राज्य में टॉप किया है, उसने 500 में से 490 (98 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए हैं। हाई स्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चिनयाली सौड़,उत्तरकाशी के इशांत कोठारी प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे हैं। उन्होंने भी 500 में से 490 (98%) अंक प्राप्त किए हैं।
यह जानकारी देते हुए विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को घोषित हुए उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्या भारती संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा (कक्षा 12) में टॉप 10 विद्यार्थियों में घोषित 25 विद्यार्थियों में से सात विद्यार्थी विद्या भारती के हैं, जबकि प्रदेश की मेरिट में टॉप 25 में शामिल कुल 105 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थी विद्या भारती संचालित विद्यालयों से हैं। कक्षा 12 में मेरिट में पहले से लेकर चौथे स्थान पर विद्या भारती के विद्यार्थी काबिज रहे हैं।
इसी प्रकार हाई स्कूल (कक्षा 10) की परीक्षा में कुल टॉप टेन घोषित 38 विद्यार्थियों में से 13 विद्यार्थी विद्या भारती के विद्यालयों से हैं। जबकि टॉप 25 रहे कुल 207 विद्यार्थियों में से 73 विद्यार्थी विद्या भारती संचालित विद्यालयों के हैं।
विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह भंडारी तथा प्रदेश मंत्री डॉ. रजनीकांत शुक्ल ने मेरिट में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों के साथ उनके प्रधानाचार्य, आचार्य व अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## त्यूणी क्षेत्र में खाई में गिरा वाहन, चालक की मौत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद देहरादून के त्यूणी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 06:04 बजे स्थानीय लोगों ने एसडीआरएफ को सूचना दी कि हटाल और फिडिज पुल के मध्य एक वाहन खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम त्यूणी पोस्ट से आरक्षी बलवंत सिंह के नेतृत्व में आवश्यक उपकरणों के साथ मौके के लिए रवाना हुई।

# मुख्यमंत्री धामी ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों को दी शुभकामनाएं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को घोषित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई दी है।
मुख्यमंत्री धामी ने सफल सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके परिजनों को भी बधाई दी है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है।



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ छात्र अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।
उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों को इस बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सके हैं, उन्हें हतोत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है। धैर्य, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से वे निश्चित रूप से भविष्य में सफलता प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की।

# रेलवे भूमि पर बनी अवैध मजार हटाई, अब तक 582 ध्वस्त

**कार्रवाई**

**एक अवैध मजार को जिला प्रशासन और रेलवे की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के ध्वस्त कर हटा दिया।**




**उधम सिंह नगर/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद उधम सिंह नगर के किच्छा-पंतनगर हाईवे स्थित एम्स के पास रेलवे भूमि पर निर्मित एक अवैध मजार को जिला प्रशासन और रेलवे की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के ध्वस्त कर हटा दिया। राज्य में अब तक सरकारी भूमि से 582 अवैध संरचनाएं हटाई गई हैं।
प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, अवैध संरचना को हटाने से पूर्व मजार प्रबंधन को इज्जतनगर रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद प्रबंधन की ओर से न तो भूमि संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और न ही अतिक्रमण हटाया गया।
अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि इज्जतनगर रेलवे प्रशासन द्वारा 26 मई 2023 और 18 सितंबर 2025 को नोटिस जारी कर भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मांगे गए थे। इसके बाद 25 अप्रैल 2026 को रेलवे ने जिला प्रशासन से सुरक्षा बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के निर्देश पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मजार को हटाया।अधिकारियों ने बताया कि ध्वस्तीकरण के दौरान संरचना के नीचे किसी प्रकार के अवशेष नहीं पाए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह अतिक्रमण रेलवे की विस्तार योजना के साथ-साथ बरेलीझनैनीताल राज्य मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में भी बाधा उत्पन्न कर रहा था।
प्रशासन ने बताया कि राज्य में अब तक सरकारी भूमि से 582 अवैध संरचनाएं हटाई जा चुकी हैं।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित, हाईस्कूल में 92.10 और इंटर में 85.11 फीसदी छात्र सफल

**टीम एक्शन इंडिया**
**रामनगर (नैनीताल),** 25 अप्रैल (हि.स.)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद् (यूबीएसई) ने वर्ष 2026 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। हाईस्कूल में 92.10% और इंटर में 85.11% छात्र सफल रहे। मेधावी सूची में अक्षत गोपाल ने 98.20% अंक इंटर की गीतिका पंत और सुशीला मेंहदीरत्ता ने 98.00% अंक के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है।
परिषद् के सभापति डॉ. मुकुल कुमार सती ने शनिवार को कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में परिणाम जारी किए। इस वर्ष दोनों स्तरों पर परीक्षाफल में वृद्धि दर्ज की गई है और छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है।
हाईस्कूल परीक्षा में 1,12,266 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,08,983 ने परीक्षा दी और 1,00,373 सफल घोषित हुए। कुल परीक्षाफल 92.10% रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.33% अधिक है। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.03% जबकि बालिकाओं का 96.07% रहा। संस्थागत परीक्षार्थियों का परिणाम 92.47% और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 65.05% दर्ज किया गया।
हाईस्कूल मेधावी सूची में एम.पी. हिन्दू इण्टर कॉलेज, रामनगर (नैनीताल) के अक्षत गोपाल ने 98.20 प्रतिशत (491/500) अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर एस.वी.एम. इण्टर कॉलेज, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के इशांत कोठारी और जी.बी. पंत राजकीय इण्टर कॉलेज, खैरना (नैनीताल) की भूमिका ने 98.00 प्रतिशत (490/500) अंक के साथ संयुक्त रूप से स्थान प्राप्त किया। भूमिका ने बालिकाओं की श्रेष्ठता सूची में भी सर्वोच्च स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान विवेकानंद वी.एम. इण्टर कॉलेज, मण्डलसेरा (बागेश्वर) के योगेश जोशी ने 97.80 प्रतिशत (489/500) अंक प्राप्त कर हासिल किया। बागेश्वर जनपद 96.98% परिणाम के साथ प्रदेश में शीर्ष पर रहा।



इण्टरमीडिएट परीक्षा में 1,02,986 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,00,452 परीक्षा में शामिल हुए और 85,499 सफल हुए। कुल परीक्षाफल 85.11% रहा, जो पिछले वर्ष से 1.88% अधिक है। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.93% और बालिकाओं का 88.09% दर्ज किया गया। संस्थागत परीक्षार्थियों का परिणाम 85.93% और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 61.48% रहा।
आंकड़ों के अनुसार कुल 7,935 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर ह्यसम्मान सहितह्ण श्रेणी में सफलता हासिल की, जो कुल उत्तीर्ण छात्रों का 7.28 प्रतिशत है। प्रथम श्रेणी में 30,734 छात्र-छात्राएं (28.20%) उत्तीर्ण हुए, जबकि सर्वाधिक 46,708 परीक्षार्थी (42.86%) द्वितीय श्रेणी में सफल घोषित किए गए। तृतीय श्रेणी में 14,986 परीक्षार्थी (13.75%) उत्तीर्ण हुए।
इसके अतिरिक्त, प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची (टॉप 25) में 207 विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।
इंटरमीडिएट टॉपसर्ः गीतिका पंत और सुशीला मेंहदीरत्ता संयुक्त रूप से प्रथमः उत्तराखंड बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में इस वर्ष छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज, बागेश्वर की गीतिका पंत और मंजूराम अमर इण्टर कॉलेज, भूरारानी (ऊधमसिंह नगर) की सुशीला मेंहदीरत्ता ने 98. प्रतिशत (490/500) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।
द्वितीय स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, आवास विकास ऋषिकेश (देहरादून) के आर्यन रहे, जिन्होंने 97.80 प्रतिशत (489/500) अंक प्राप्त किए। वहीं, तृतीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, मायापुर (हरिद्वार) की वंशिका ने 97 प्रतिशत (485/500) अंक के साथ प्राप्त किया। बागेश्वर जनपद ने 94.81% परिणाम के साथ यहां भी पहला स्थान हासिल किया हाईस्कूल सुधार परीक्षा (2024) में 68.67% और इण्टरमीडिएट सुधार परीक्षा (2025) में 66.27% परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में सफलता दर में बढ़ोतरी और छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत दिए हैं।
प्रदेश में बागेश्वर जनपद का शीर्ष स्थान उल्लेखनीय रहा है।





# पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बना रही है हमारी सरकारः विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा कर गांव के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण, मुख्यमंत्री पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर :** डबल इंजन की हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गांवों के समग्र विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता से ही गांवों का विकास होगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में की थी तथा पंच और सरपंच के दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में गांव के विकास को लेकर जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वही आगे बढ़ने में सहायक होते हैं।





आज हजारों जनप्रतिनिधि पंचायत से अपना सफर शुरू कर देश के उच्च सदनों तक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने से ही प्रभावी नीतियां बनती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब ग्रामीणों को पक्के मकान मिल रहे हैं, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग, बिजली बिल भुगतान, पेंशन और बीमा जैसी सेवाएं अब ग्रामीणों के लिए सहज हो गई हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। महिलाओं के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं और इनसे महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि पंचायतों में संचालित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन में पंचायतों की जिम्मेदारी बड़ी है और इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने में पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन तिहार के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सुशासन तिहार के आयोजन और इसके माध्यम से अपने क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### बिजली बिलों के भुगतान के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा

सीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत लंबित बिजली बिलों के भुगतान के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसमें सरचार्ज पूरी तरह माफ किया गया है और अतिरिक्त रियायत का भी प्रावधान है। श्री साय ने प्रतिनिधियों से इसका लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को दिलाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगी और सभी प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपील की।

### मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न प्रोजेक्ट पर आधारित स्टालों का किया अवलोकन

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को पंचायत दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त करते हुए विकास कार्यों की लगातार स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की जिम्मेदारी के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों पर सामाजिक जिम्मेदारी भी होती है, जिसका वे बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

सम्मेलन को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छांव के अंतर्गत आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न प्रोजेक्ट पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से चर्चा की और आजीविका संवर्धन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन रायपुर द्वारा नवजात शिशुओं में जन्मजात हृदय रोगों की पहचान के लिए प्रोजेक्ट धड़कन, देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोजेक्ट दधीचि, किसानों को नवाचार से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट नैनो, प्रोजेक्ट रचना, प्रोजेक्ट स्मृति पुस्तकालय, प्रोजेक्ट पाई-पाई, ग्लोबल गांव, ज्ञान भारतम, प्रोजेक्ट सिग्नल, मेरा गांव मेरी पहचान, प्रोजेक्ट अजा, प्रोजेक्ट बिजनेस दीदी समेत विभिन्न प्रोजेक्ट के स्टालों का अवलोकन किया और हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं राशि का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट आरोग्यम के कटआउट और प्रोजेक्ट हैंडी के तहत शासन की योजनाओं की संक्षिप्त पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित इन गतिविधियों से आमजनों को हो रहे व्यापक लाभ के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।


# यूपी में गो आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए प्रदेश के समस्त गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गर्मी से बचाव के समुचित इंतजाम तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही से पशुओं को नुकसान न पहुंचे।

**लू से सुरक्षा के लिए वाटर मिस्टिंग सिस्टम व कूलर अनिवार्य**

दरअसल, भीषण गर्मी से बचाने के लिए गो आश्रय स्थलों पर पानी, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है, जिससे किसी प्रकार की कमी तुरंत दूर की जा सके। योगी सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए इसके समाधान के लिए भी व्यापक रणनीति अपनाने को कहा है। गो आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और भूसा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पशुओं के पोषण में कोई कमी न आए। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खाली कराई गई भूमि पर हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई करने पर जोर दिया गया है, जिससे लंबे समय तक हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा गो आश्रय स्थलों में छायादार वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा भूसा दान करने वालों को पुण्य की एफडी प्रमाण पत्र वितरण किया गया है। जिलाधिकारी आजमगढ़, बागपत, सहारनपुर एवं हरदोई द्वारा गो आश्रय स्थलों में वाटर मिस्टिंग सिस्टम, पंखे, कूलर और फॉगर में विशेष व्यवस्था की गई है।



**प्राथमिकता**

**जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा भूसा दान करने वालों को पुण्य की एफडी प्रमाण पत्र वितरण किया गया है**

# नीति आयोग के उपाध्यक्ष बनेंगे अशोक लाहिड़ी, सदस्य बनाए जाएंगे गोबर्धन दास

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व आर्थिक सलाहकार अशोक लाहिड़ी को नीति आयोग का नया उपाध्यक्ष बनाए जाने की तैयारी है। वह वर्तमान उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लेंगे। वहीं, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के निदेशक गोबर्धन दास को केंद्र सरकार के प्रमुख नीति मंच का सदस्य नामित किया जाएगा। अशोक लाहिड़ी पश्चिम बंगाल के बालुरघाट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक हैं, लेकिन वह 2026 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। गोबर्धन दास इससे पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में प्राध्यापक रह चुके हैं। उन्होंने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पूर्वस्थली उत्तर सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। इन दोनों नियुक्तियों का समय राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव जारी हैं और दूसरे चरण का मतदान बुधवार को होना है। गोबर्धन दास दलित समुदाय से आते हैं। वर्ष 2021 के चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के दौरान उन पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा हमले के आरोप लगे थे।



बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने सपत्नीक किए महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में भी हुए शामिल।

# फिरोजाबाद में आकार ले रहा देश का पहला 'ग्लास म्यूजियम', दुनिया देखेगी ' सुहाग नगरी' का हुनर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश की 'सुहाग नगरी' फिरोजाबाद अब अपनी पारंपरिक चूड़ियों की पहचान से आगे निकलकर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक चमकता हुआ केंद्र बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी प्रोजेक्ट 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, प्रदेश सरकार फिरोजाबाद में भारत का पहला भव्य ग्लास म्यूजियम (कांच संग्रहालय) तैयार कर रही है। लगभग 47.47 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह म्यूजियम न केवल कांच कला को प्रदर्शित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगा।




फिरोजाबाद का कांच उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि यहां की आधी से अधिक आबादी की जीवन रेखा है। आंकड़ों के अनुसार शहर के कांच व्यवसाय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह लाख लोग जुड़े हुए हैं। अकेले चूड़ी निर्माण और उसकी सजावट में 50 हजार परिवार जुटे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य इस विशाल जनशक्ति के हुनर को दुनिया के सामने लाना है। यह म्यूजियम इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जो न केवल कारीगरों को वैश्विक मंच देगा, बल्कि रोजगार के हजारों नए अवसर भी पैदा करेगा।

# हावड़ा में ईडी की छापेमारी, कई चावल कारोबारियों के ठिकानों पर तलाशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर सक्रियता बढ़ा दी है। उत्तर 24 परगना जिले के हाबड़ा इलाके में शनिवार सुबह से कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कई चावल कारोबारियों के घरों और परिसरों पर ईडी की टीम पहुंची। केंद्रीय बल के जवान भी अभियान में साथ रहे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई राशन घोटाला मामले से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर की जा रही है।

बताया गया है कि शनिवार तड़के कोलकाता स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स से ईडी की कई टीमें रवाना हुई थीं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को कारोबारियों के घरों के बाहर कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने के बाद लंबी प्रतीक्षा के पश्चात प्रवेश मिला और उसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया।

# बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव आयोग सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। आयोग ने 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए 11 अतिरिक्त पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, नियुक्त किए गए सभी अतिरिक्त पुलिस पर्यवेक्षक अन्य राज्यों से बुलाए गए हैं। इनकी तैनाती का उद्देश्य संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाना, हिंसा की आशंका रोकना और मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाना है।




पहले चरण के मतदान के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद कुछ स्थानों पर तनाव और छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इसी को देखते हुए आयोग दूसरे चरण में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना समाप्त करना चाहता है। इन 11 अतिरिक्त नियुक्तियों के बाद राज्य में कुल पुलिस पर्यवेक्षकों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है। इससे पहले आयोग ने चुनाव के लिए 84 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे, जो पिछले चुनावों की तुलना में अधिक थे। निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य पुलिस को सौंपी गई है।

**सतर्कता**

**निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए**

# उप्र में मलेरिया के मरीजों की संख्या में आई गिरावट



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को मच्छरजनित बीमारी मलेरिया से वर्ष 2030 तक उन्मूलन करने के लक्ष्य के मद्देनजर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। बीते चार-पांच सालों में प्रदेश में मलेरिया के मरीजों की संख्या में तकरीबन सात गुना की गिरावट आई है जो उन्मूलन की दिशा में शुभ संकेत हैं। यह जानकारी संयुक्त निदेशक डॉ. विकास सिंघल ने शनिवार को दी। संयुक्त निदेशक के अनुसार समय पर पहचान और उपचार न मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है, लेकिन उचित जांच और समयबद्ध उपचार से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए मलेरिया नियंत्रण का मूल आधार समय पर पहचान, सटीक जांच और पूर्ण उपचार है।

डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि वर्ष 2019 में जहां मलेरिया के 92,000 से अधिक मामले सामने आए थे, वहीं वर्ष 2025 तक यह संख्या घटकर 14500 के आसपास रह गई है। उन्होंने बताया कि मलेरिया नियंत्रण में सामुदायिक सहभागिता अत्यंत जरूरी है। जलभराव को रोकना, कूलर और अन्य जल स्त्रोतों की नियमित सफाई, मच्छरदानी का उपयोग और व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाना संक्रमण के जोखिम को कम करने में सहायक है। संयुक्त निदेशक डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण के लिए एक दिन के भीतर केस की सूचना, तीन दिन के भीतर जांच और सात दिन के भीतर फोकस क्षेत्र में आवश्यक नियंत्रण उपाय लागू किए जाते हैं। रणनीति का दूसरा अहम स्तंभ है टेस्ट, ट्रीट व ट्रैक अर्थात प्रत्येक संदिग्ध मरीज की जांच, पुष्ट मामलों का उपचार और उनकी निगरानी। आशा, एएनएम और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अब दूरदराज के क्षेत्रों में भी त्वरित जांच सुनिश्चित कर रहे हैं।

**उन्मूलन**

**तुरंत जांच व इलाज की रणनीति का मलेरिया उन्मूलन में दिख रहा असर**

# दशकों का अँधेरा टूटा, अबूझमाड़, अब घर घर रोशनी, एक दिन था जब दिन भी में रात जैसा जीवन लगता था

**टीम एक्शन इंडिया**

**आर्या रायपुरः क**भी नक्शे पर नाम भर रह गया ईरपानार आज उम्मीदों की नई पहचान बन गया है। अबूझमाड़ के गहरे जंगलों, ऊंचे पहाड़ों और दुर्गम पगडंडियों के बीच बसे इस छोटे से गांव में पहली बार बिजली पहुँची है। वर्षों तक अंधेरे में जीवन गुजारने वाले ग्रामीणों के घरों में जब पहली बार बल्ब जले, तो गांव ने सिर्फ उजाला नहीं देखा, बल्कि विकास को महसूस किया।

ईरपानार नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित है, लेकिन यह दूरी सामान्य रास्ते जैसी नहीं है। यहां तक पहुंचने के लिए कच्चे मार्ग, पहाड़ी चढ़ाई, घने वन क्षेत्र और कई स्थानों पर पैदल सफर करना पड़ता है। बरसात के मौसम में संपर्क और भी कठिन हो जाता है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नारायणपुर संभाग ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया। कार्यपालन अभियंता सहित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद मिशन मोड में काम कर सफलता हासिल की।

**घने जंगलों के बीच चला विकास अभियान**

कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि ईरपानार तक बिजली पहुंचाना सामान्य तकनीकी कार्य नहीं था। कई हिस्सों में बिजली खंभे, तार और सामग्री पहुंचाने के लिए कठिन श्रम करना पड़ा। टीम को ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों, जंगलों और सीमित संसाधनों के बीच काम करना पड़ा। कई स्थानों पर मशीनों की बजाय मानव श्रम और स्थानीय सहयोग से सामग्री पहुंचाई गई।बिजली लाइन विस्तार, पोल स्थापना और कनेक्शन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कर विभागीय टीम ने मिसाल पेश की है।

**56.11 लाख की लागत, लेकिन असर पीढ़ियों तक**

ग्राम ईरपानार के विद्युतीकरण कार्य पर कुल 56.11 लाख की लागत आई। इस परियोजना के तहत गांव के परिवारों को पहली बार विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया , एवं उस सोच का प्रतीक है अंतिम छोर पर बसे परिवार को भी विकास का समान अधिकार दिया जा रहा है।

**अब बच्चों के सपनों को मिलेगा उजाला**

बिजली आने से अब गांव के बच्चों को रात में पढ़ाई के लिए रोशनी मिलेगी। मोबाइल चार्जिंग जैसी सामान्य सुविधा, जो शहरों में सहज है, अब यहां भी उपलब्ध होगी। पंखे, लाइट और छोटे घरेलू उपकरणों से जीवन आसान होगा। भविष्य में डिजिटल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार सुविधाओं और छोटे व्यवसायों के अवसर भी विकसित हो सकते हैं।

**ग्रामीणों की आंखों में दिखी खुशी**

जब पहली बार गांव में बल्ब जले, तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर चेहरे पर उत्साह दिखाई दिया। कई ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने अपने घरों में पहली बार स्थायी रोशनी देखी है। वर्षों से लालटेन, लकड़ी और सीमित साधनों पर निर्भर जीवन अब बदलने लगा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और बिजली विभाग की टीम के प्रति आभार जताया। लोगों ने इसे गांव के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ईरपानार जैसे अन्य दूरस्थ गांवों को भी प्राथमिकता के आधार पर बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है।

## संपादकीय

# समुद्र की गहराइयों में भारत की शक्ति

**आधुनिक** युग में युद्ध की प्रकृति ने पारंपरिक सीमाओं को पूरी तरह पार कर लिया है। अब यह केवल टैंकों, विमानों या सैनिकों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि एक बहुआयामी, जटिल और तकनीक-प्रधान प्रक्रिया बन चुका है, जिसमें ड्रोन, साइबर हमले, अंतरिक्ष-आधारित निगरानी प्रणालियाँ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हाइपरसोनिक मिसाइलें एक साथ कार्य करती हैं। इस परिवर्तित परिदृश्य में युद्ध किसी एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समुद्र, आकाश, भूमि और साइबर स्पेस के बीच निरंतर समन्वय के रूप में संचालित होता है। ऐसे वातावरण में भारत जैसी उभरती क्षेत्रीय एवं वैश्विक शक्ति के लिए अपनी सुरक्षा रणनीति को पुनर्परिभाषित करना अनिवार्य हो गया है। विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास अब विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि यह न केवल भारत की रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करता है, बल्कि उसकी वैश्विक सामरिक स्थिति को भी मजबूत बनाता है। हिंद महासागर क्षेत्र की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ इस आवश्यकता को और स्पष्ट करती हैं। यह क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग भी है। विश्व के अधिकांश तेल परिवहन और व्यापारिक जहाज इसी मार्ग से गुजरते हैं, और भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी पर निर्भर करती है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता या बाहरी हस्तक्षेप भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। चीन की बढ़ती समुद्री उपस्थिति, बंदरगाहों के विकास की उसकी नीति तथा क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियाँ भारत के लिए दीर्घकालिक चुनौती प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान की परमाणु क्षमताओं और उसकी नौसैनिक शक्ति में हो रही वृद्धि भी चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों में भारत के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह अपनी समुद्री सुरक्षा को केवल पारंपरिक साधनों तक सीमित न रखे, बल्कि उसे परमाणु प्रतिरोधक क्षमता से भी सशक्त बनाए। समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संभावित विरोधी को यह स्पष्ट संदेश मिले कि यदि वह परमाणु हमला करता है, तो उसे समान या उससे अधिक प्रभावी जवाब का सामना करना पड़ेगा। यही सिद्धांत विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध की अवधारणा को जन्म देता है, जिसके तहत कोई भी देश अपनी सुरक्षा के लिए उतनी ही परमाणु क्षमता विकसित करता है जितनी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक हो। भारत की नो फर्स्ट यूज नीति भी इसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि भारत पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर हमला होता है, तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा। इस नीति की विश्वसनीयता तभी संभव है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32बी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# मोदी के विजन को मिशन बना रहे मोहन यादव

पवन वर्मा

> इस विशेष सत्र के जरिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यह बता रहे हैं कि महिला आरक्षण का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा। इसका असर समाज के हर क्षेत्र पर पड़ेगा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस व्यापक प्रभाव को समझते हैं और इसी कारण वे इस मुद्दे को लेकर इतने सक्रिय हैं। उनका मानना है कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगी, तो समाज अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनेगा

भारत में महिलाओं को राजनीति में उनका वास्तविक हक दिलाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से ऐतिहासिक पहल की नींव 2023 में रखी थी, हाल ही में संविधान संशोधन बिल पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वे महिलाओं को हर हाल में आरक्षण दिलाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कदम से कदम मिलाकर उनके साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मोहन यादव हर स्तर पर संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने भरी गर्मी और तेज-तीखी धूप में सड़क पर महिलाओं के आरक्षण की आवाज बुलंद की। अब मध्य प्रदेश की विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर वे महिलाओं के हक की आवाज लोकतंत्र के मंदिर में भी पुरजोर तरीके से उठाने की तैयारी में हैं। इधर कांग्रेस दिल्ली से लेकर भोपाल तक महिला आरक्षण को लेकर नकारात्मक रुख अपनाए हुए है।

**महिलाओं के अधिकार की लड़ाई को जनांदोलन बनाने की कोशिश**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिला आरक्षण केवल एक विधेयक या संवैधानिक प्रावधान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय का प्रश्न है। इसी सोच के साथ उन्होंने इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने का फैसला किया है। वे इस विषय को लेकर हर स्तर पर सक्रिय हैं। प्रदर्शन, रैलियां और मार्च के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि महिलाओं को उनका राजनीतिक हक दिलाना अब केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि एक व्यापक जन आंदोलन है।

**कांग्रेस का नकारात्मक रूप**

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा लोकसभा में रखे गए तर्क और बयान यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि पार्टी महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर ठोस, सकारात्मक और प्रतिबद्ध रुख



अपनाने में असहज है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के वक्तव्यों में समर्थन की स्पष्टता से अधिक संशय, शर्तें और आपत्तियां प्रमुख रहीं, जिसने उनके वास्तविक इरादों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह परिदृश्य इस धारणा को बल देता है कि कांग्रेस महिलाओं को व्यापक और निर्णायक राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के मुद्दे पर अभी भी द्वंद्व की स्थिति में है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस का यही चेहरा सामने आता है। यहां के नेताओं के बयान और राजनीतिक व्यवहार यह दशार्ते हैं कि महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के बजाय उसे सीमित दायरे में ही रखा गया। वास्तविकता यह है कि प्रदेश कांग्रेस ने वर्षों तक महिला नेताओं को उभरने और निर्णायक भूमिका निभाने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। ऐसे में, जब देश महिला भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में अग्रसर है, कांग्रेस का यह असंगत और नकारात्मक रुख न केवल उसकी राजनीतिक सोच को उजागर करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि पार्टी अब भी महिला नेतृत्व को लेकर पूर्ण आत्मविश्वास नहीं जुटा पाई है।

**विशेष सत्रः 27 अप्रैल को बड़ा राजनीतिक संदेश**

मध्य प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है। यह सत्र अपने आप में यह साबित करता है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को लेकर कितनी गंभीर है। इस विशेष सत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव यह बताना चाहते हैं कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में यह सत्र न केवल समर्थन का मंच बनेगा, बल्कि महिला आरक्षण को लेकर राज्य की प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप से सामने लाने का अवसर भी होगा। सदन में इस मुद्दे पर व्यापक और विस्तार पूर्वक चर्चा होगी। जिसमें पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपनी-अपनी राय रखेंगे। यह राय विधानसभा के इतिहास में दर्ज होगी। साथ ही यह भी इतिहास बनेगा कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष सत्र आहूत करवाया और खुले मन से इस विषय पर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को बोलने का अवसर प्रदान किया।

**सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव**

इस विशेष सत्र के जरिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यह बता रहे हैं कि महिला आरक्षण का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा। इसका असर समाज के हर क्षेत्र पर पड़ेगा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस व्यापक प्रभाव को समझते हैं और इसी कारण वे इस मुद्दे को लेकर इतने सक्रिय हैं। उनका मानना है कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होंगी, तो समाज अधिक संतुलित और न्यायपूर्ण बनेगा। यही संदेश वे इस विशेष सत्र के जरिए प्रदेश भर की जनता को भी देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भी महिला आरक्षण को लेकर स्पष्ट है कि वे लोकसभा, विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भूमिका चाहते हैं। इस विजन को पूरा करने के लिए मोहन यादव प्रदेश में एक मिशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अभी विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया गया है। इसके बाद वे नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायतों तक इस विषय को लेकर जाने वाले हैं। यानि हर स्तर पर वे महिला आरक्षण दिए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को सार्थक करने के मिशन में जुटे हुए हैं। मध्य प्रदेश इस मुद्दे पर एक उदाहरण प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। विशेष सत्र बुलाना, सड़क पर आंदोलन करना और लगातार इस विषय को उठाना। ये सभी कदम यह दिखाते हैं कि डॉ. मोहन यादव की सरकार इस मुद्दे को लेकर कितनी प्रतिबद्ध है। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक संदेश है कि वे भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

**2029 की चुनौती और संकल्प की दृढ़ता**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 वां संविधान संशोधन लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के कारण यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तक महिलाओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इस चुनौती के बीच मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपना रुख पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। वे महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित हैं और किसी भी स्थिति में इस लक्ष्य से पीछे हटने वाले नहीं हैं।

वे इस विषय को मध्य प्रदेश में भी लगातार जीवित और जीवंत रखना चाहते हैं, ताकि यह राष्ट्रीय स्तर पर भी प्राथमिकता बना रहे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन इसे वास्तविकता में बदलने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में रास्ता दिखाया है और मुख्यमंत्री मोहन यादव उस रास्ते पर पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## धर्मांतरण की आड़ में पनपता नया आतंक तुषार से हिजबुल्लाह बनने की खौफनाक दास्तान

**संजय सक्सेना**

**धर्म** के नाम पर होने वाला परिवर्तन अक्सर एक व्यक्तिगत आस्था का विषय माना जाता है, लेकिन जब यह आस्था किसी के हाथ में बंदूक थमा दे और उसे अपने ही देश के खिलाफ खड़ा कर दे, तो वह आस्था नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राष्ट्रीय खतरा बन जाती है। उत्तर प्रदेश के मेरठ और नोएडा से हाल ही में सामने आई तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्लाह अली खान की कहानी महज एक धर्मांतरण का मामला नहीं है, बल्कि यह उस हाइब्रिड टेरर मॉडल का जीता-जागता सबूत है जिसे सीमा पार बैठी ताकतें अब भारत में आउटसोर्स कर रही हैं। जिस लड़के की रगों में एक स्वतंत्रता सेनानी का खून दौड़ रहा था, जिसका परिवार पीढ़ियों से भारतीय सेना में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा करता आया, उसी परिवार का बेटा कट्टरपंथ के इस डिजिटल मकड़जाल में फंसकर खुद को अल्लाह की फौज यानी हिजबुल्लाह का सिपाही समझने लगा। यह घटना न केवल सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ाने वाली है, बल्कि समाज के उस हिस्से के लिए भी खतरे की घंटी है जो सोशल मीडिया की चकाचौंध में अपने बच्चों के बदलते व्यवहार को भांप नहीं पा रहे हैं। आतंकवाद का यह नया मॉडल बेहद शातिर और घातक है। इसमें अब सीधे तौर पर हथियारबंद घुसपैठ की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने इस काम को शहजाद भट्टी जैसे गैंगस्टरों और कट्टरपंथी यूट्यूबर्स को सौंप दिया है। ये लोग सोशल मीडिया को एक भर्ती केंद्र की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इनका शिकार वे युवा बन रहे हैं जो मानसिक रूप से थोड़े कमजोर हैं या जिन्हें धार्मिक कट्टरपंथ के नाम पर आसानी से बरगलाया जा सकता है। तुषार के मामले में भी यही हुआ। उसे पहले सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में लाया गया, फिर धीरे-धीरे उसके मन में मौजूदा व्यवस्था और अपने ही मूल धर्म के खिलाफ जहर भरा गया। धर्मांतरण तो सिर्फ एक औपचारिकता थी, असली मकसद तो उसका ब्रेनवॉश करके उसे एक किलिंग मशीन में तब्दील करना था। तुषार का तुषार से हिजबुल्लाह बनना यह दशार्ता है कि कट्टरपंथ की खुराक उसे इस कदर दी गई कि वह अपनी गौरवशाली पारिवारिक विरासत को भूलकर उन लोगों की जान लेने पर उतारू हो गया जो उसकी हिटलिस्ट में थे। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात इस आतंकी मॉडल की हिटलिस्ट है।

आमतौर पर आतंकी संगठनों के निशाने पर सुरक्षा बल या राजनेता होते हैं, लेकिन हिजबुल्लाह बने तुषार को जो काम सौंपा गया था, वह समाज को अंदर से खोखला करने वाला था। उसकी सूची में वे एक्स-मुस्लिम शामिल थे जिन्होंने अपनी स्वतंत्र सोच से इस्लाम छोड़ दिया था। यह कट्टरपंथ का वह चरम है जहां व्यक्तिगत पसंद और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए कोई जगह नहीं बचती। अगर कोई अपनी मर्जी से जीवन जीना चाहे, तो उसे दुश्मन मान लिया जाता है।

## विचार

## सात सांसदों की बगावत से डगमगाया आप का राज्यसभा किला

**अजय कुमार**

**भारतीय** राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी। राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। "मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं" और "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना" जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े ऑपरेशन की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें आप का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि आप के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है।

तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में आप के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दशार्ती है, जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे "गलत पार्टी में सही व्यक्ति" थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही आम और खास की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे। पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का रिमोट कंट्रोल कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

## संविधान की परछाई में सत्ता का खेल

प्रो. आरके जैन

राजनीतिक शतरंज की बिसात पर 24 अप्रैल 2026 की यह चाल सामान्य हलचल नहीं, बल्कि सत्ता और संविधान के समीकरण बदलने वाला निर्णायक प्रहार है। सात राज्यसभा सांसदों–राघव चड्ढा, स्वाति मालीवाल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी–का भाजपा में विलय केवल दल-बदल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे की सीमाओं को उजागर करने वाला संकेत है। संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 4 के तहत दो-तिहाई बहुमत से इसे कानूनी वैधता मिली, हालांकि राज्यसभा सभापति की औपचारिक स्वीकृति अभी शेष है।

इसके बावजूद इस कदम की रणनीतिक पृष्ठभूमि ने भारतीय राजनीति को ऐसे मोड़ पर पहुंचा दिया है, जहां नियमों के भीतर रहकर भी सत्ता संतुलन बदलता दिख रहा है।

जब संवैधानिक प्रावधान रणनीति का हिस्सा बन जाते हैं, तो कानून केवल नियम नहीं रह जाता, बल्कि सत्ता का उपकरण बन जाता है–और यह इस घटनाक्रम में स्पष्ट दिखा है। आप के दस राज्यसभा सांसदों में से सात का एक साथ अलग होना केवल संगठनात्मक झटका नहीं, बल्कि उसकी संसदीय पहचान पर गहरा आघात है। राज्यसभा में उसकी मौजूदगी घटकर तीन सदस्यों तक सिमट गई है। विलय की घोषणा में चार सांसद सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए, जबकि तीन–राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक कुमार मित्तल–ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। वहीं भाजपा का आंकड़ा 113 और एनडीए का 141 तक पहुँच गया है, जिससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष ने इस अवसर को अपने पक्ष में मोड़ लिया। परिणामस्वरूप, संसद में शक्ति संतुलन अब निर्णायक रूप से बदल चुका है। सियासी नजरिए से यह घटनाक्रम एक ऐसी बारीक चाल लगता है, जहाँ नियमों की चौखट के भीतर रहकर ही विपक्ष की ताकत को प्रभावी ढंग से कमजोर कर दिया गया है–मानो ऑपरेशन लोटस का सबसे सधा हुआ और कानूनी रूप सामने आया हो। राघव चड्ढा जैसे रणनीतिक चेहरों का अलग होना आप की आंतरिक संरचना को भीतर तक झकझोर देता है।

## आज के दौर में भारत-दक्षिण कोरिया रिलेशन्स

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

**भारत औ**र दक्षिण कोरिया के संबंध आज के वैश्विक दौर में नई अहमियत प्राप्त कर रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और क्षेत्रीय शांति के समर्थक हैं। एशिया के बदलते शक्ति संतुलन, चीन की बढ़ती आक्रामकता, आपूर्ति श्रृंखला संकट, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने भारत तथा दक्षिण कोरिया को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर दिया है। दोनों देशों के बीच वर्षों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन अब समय की मांग है कि इन्हें नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यावहारिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए। भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। राजनयिक स्तर पर भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 1973 में औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में लगातार प्रगति हुई है। वर्ष 2010 में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया और बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों देश एक-दूसरे को दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उच्च स्तरीय यात्राएँ, विदेश मंत्री स्तर की बैठकें, व्यापारिक संवाद और रक्षा वाताएँ इन संबंधों को लगातार मजबूत कर रही हैं। आर्थिक क्षेत्र में दक्षिण कोरिया भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण साझेदार है। दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से उन्नत, औद्योगिक रूप से मजबूत और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था वाला देश है, जबकि भारत विशाल बाजार, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

# करनाल में शहरी बदलाव की मजबूत बुनियाद, सुनियोजित प्रयास ला रहे सार्थक परिणामः रेनू

**रूपरेखा**

**अर्बन चैलेंज फंड से विकास की ठोस रूपरेखा तैयार, हर सेक्टर तक पहुंचेगा बदलाव**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्र सरकार के अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से करनाल के सर्वांगीण विकास की व्यापक रूपरेखा को जमीन पर उतारने की दिशा में नगर निगम ने ठोस रणनीति और दूरदर्शी योजना के साथ कार्य तेज कर दिया है। शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक मैनेजमेंट, हरित क्षेत्र, नागरिक सुविधाओं और स्मार्ट शहरी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए समेकित विजन. के तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सुनियोजित यातायात की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से नए फ्लाइओवर, सडकों, पार्किंग स्पेस और अन्य जन सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। इससे कुछ ही समय में शहर की तस्वीर में सार्थक एवं सकारात्मक परिवर्तन के नए रंग नजर आएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस पूरी प्रक्रिया में महापौर रेणु बाला गुप्ता का नेतृत्व निर्णायक और प्रेरणादायी रूप में सामने आया है। उनके मार्गदर्शन में लगातार नई परियोजनाओं को गति दी जा रही है, जिससे करनाल को अधिक स्मार्ट, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की मजबूत नींव रखी जा रही है।

इस संदर्भ में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि करनाल का विकास केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत तैयार हो रही परियोजनाएं शहर को सही मायनों में आधुनिक, सुगठित और नागरिक-अनुकूल स्वरूप प्रदान करेंगी। उनका लक्ष्य करनाल को ऐसा शहर बनाना है, जहां विकास की गति और सुविधाओं की गुणवत्ता, दोनों समान रूप से मजबूत हों।

महापौर ने बताया कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जा रही हैं। इसी कड़ी में महात्मा गांधी चौक से निर्मल कुटिया चौक तक प्रस्तावित सिंगल पिलर फ्लाईओवर यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल जाम की समस्या में कमी आएगी, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि करनाल के प्रमुख मार्गों और विभिन्न सेक्टरों में यातायात सुधार, सडक सुदृढ़ीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्रों में जाम की समस्या के समाधान के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विश्वास जताया कि करनाल आने वाले समय में विकास के नए मानक स्थापित करेगा। उनके नेतृत्व में शहर न केवल बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, बल्कि एक स्मार्ट, सुव्यवस्थित और रहने योग्य शहर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान भी मजबूत कर रहा है।

ये प्रोजेक्ट देंगे विकास को गति
रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि शहर में सिंगल पिलर फ्लाईओवर, मल्टी लेवल पार्किंग, कॉमर्शियल स्पेस विकास, एसवाईएल आधारित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर प्रोजेक्ट, कॉम्पैक्ट बायोगैस और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जैसी परियोजनाओं पर मंथन जारी है। साथ ही कर्ण पार्क पुनर्विकास, इन्द्री एस्केप सौंदर्यीकरण, मीरा घाटी से नमस्ते चौक तक सडक सुधार तथा एम्यूजमेंट पार्क व वेंडिंग जोन जैसी योजनाएं भी शहर के समग्र विकास को गति देंगी।

# युवा कांग्रेस की लाडवा विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**बैठक**

**युवा कांग्रेस देश युवाओं व आमजन की आवाज को बुलंद करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है :**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 25 अप्रैल (विजय कौशिक)** : युवा कांग्रेस द्वारा बाबैन के एक निजी पैलेस में लाडवा विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निश्चित कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस हल्का लाडवा के अध्यक्ष प्रिंस घिसरपड़ी ने की। बैठक में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ढिल्लों, प्रदेश प्रवक्ता जयपाल पांचाल, भगवंत सिंह विर्क, ब्लॉक प्रधान अवतार जालखेड़ी, गुरप्रताप कन्दौली, सलिन्दर रामनगर, मोहन नखरोजपुर, धर्मवीर माजरा के अलावा बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निश्चित कटारिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूद सरकार प्रत्येक क्षेत्र में फेल हो गई है। मुख्यमंत्री का हल्का होने के बावजूद भी लाडवा में विकास कार्यों की हालत खस्ता है। युवा वर्ग रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकताओं से कांग्रेस के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस देश और प्रदेश की राजनीति में युवाओं के साथ साथ आमजन की आवाज को बुलंद करने का महत्वपूर्ण मंच है।

उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की मजबूती और विस्तार के कार्य में जुटना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव और वार्ड स्तर तक युवा कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है।

कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना चाहिए, ताकि कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर कई कार्यकताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के सुझाव भी दिए।

# एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के सख्त निदेशों के तहत जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी इसी प्रकार के चार मामले दर्ज हैं, जो फिलहाल अदालत में विचाराधीन हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इंचार्ज अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि तेजली के पास एक युवक नशीले पदार्थ बेचने का काम कर रहा है। इस सूचना पर एएसआई कुलदीप, जसबीर सिंह और जयपाल की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक युवक को काबू किया। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया, जिनकी मौजूदगी में युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान दुर्गा गार्डन निवासी प्रयाग वर्मा पुत्र हरीश कुमार के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टाटा ऐस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मामला दर्ज

**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : गांव कलेसरा के पास सड़क दुर्घटना में हुई गांव दोहली निवासी अमन की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक अमन कुमार के साले सुमित ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम वह अपने जीजा के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर खेत में तुड़ी उठाने जा रहे थे। गुरुकुल के पास सामने से आ रहे टाटा ऐस चालक ने तेज गति व लापरवाही से अमन कुमार की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अमन कुमार को तुरंत सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# पंचकूला वार्ड-2 से कांग्रेस प्रत्याशी चारु चावला ने भरा नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल** :। वार्ड नंबर 2 से कांग्रेस पार्टी की पार्षद पद उम्मीदवार चारु चावला ने आज पूर्व डिप्टी सीएम के साथ सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और कांग्रेस के पक्ष में जमकर नारेबाजी हुई।

इस मौके पर चारु चावला ने कहा कि पंचकूला में इस बार कांग्रेस पार्टी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी और मेयर भी कांग्रेस का ही बनेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी तरह खरी उतरेंगी और वार्ड के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगी।

चारु चावला ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगी तथा वार्ड नंबर 2 की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने, विकास कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा जताया।

नामांकन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया।

**न्यूज फ्लैश**

# एचपीएससी की परीक्षा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ करना होगा ड्यूटी का निर्वहनः ज्योति बैंदा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र में 26 अप्रैल को 26 परीक्षा केन्द्रों में होगी परीक्षा, प्रशासन ने जगह-जगह बनाएं हैल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी, परीक्षा के प्रबंधों को लेकर एचपीएससी की सदस्य ज्योति बैंदा ने दिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश

कुरुक्षेत्र, 24 अप्रैल । हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य ज्योति बैंदा ने कहा कि एचपीएससी की परीक्षा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। इस परीक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

आयोग की सदस्य ज्योति बैंदा शुक्रवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में एचपीएससी की परीक्षा के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इस बैठक में आयोग की सदस्य ज्योति बैंदा ने एडीसी विवेक आर्य,जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक सहित अन्य अधिकारियों से कुरुक्षेत्र जिले में 26 अप्रैल को 26 परीक्षा केन्द्रों में किए गए प्रबंधों के बारे में फीडबैक ली है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में हों और उनकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था एवं निकासी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएं तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। फ्लाइंग स्क्वायड टीमें पूरी तरह सक्रिय रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि परीक्षार्थियों को समय पर केंद्रों तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। परीक्षार्थियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए और सभी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। इस मौके पर एचपीएससी के अधीक्षक अनिल कुमार, विशाल जोशी, पितांबर शर्मा, शिखर आदि उपस्थित थे।

# अंजू देवी ने आज पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि शर्मा और सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

**पंचकुला मैनपाल** :पंचकूला नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 11 से कांग्रेस प्रत्याशी अंजू देवी ने आज पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि शर्मा और सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार समर्थन जताया।

नामांकन भरने के बाद अंजू देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है और वह इस विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरेंगी। उन्होंने दावा किया कि वार्ड नंबर 11 से उनकी जीत सुनिश्चित है। अंजू देवी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

# रसायन विज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 25 अप्रैल** :
खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतिया में खालसा त्रिशताब्दी रसायन विज्ञान विभाग परिषद द्वारा पर्यावरण विज्ञान विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमित्रा सांगवान ने की।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन काफी बढ़ गया है जिसके कारण ये संसाधन सीमित मात्रा में ही शेष बचे है जिसके चलते हमें इन प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है।इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग से उनकी कमी हो गई है जिसके परिणामस्वरूप मानव जाति के अस्तित्व पर एक बड़ा खतरा पैदा हो गया है। जिससे बचने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर बल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य विधार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के 59 से अधिक विधार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 48 विधार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये व 24 विधार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबैन मेंमनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

**मलेरिया दिवस**

**इस अवसर पर मलेरिया जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 25 अप्रैल (विजय कौशिक)** : बाबैन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मलेरिया दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि सैनी द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया एक जानलेवा लेकिन पूरी तरह से उपचार की जा सकने वाली बीमारी है। यदि समय रहते इसके लक्षणों की पहचान कर उपचार किया जाए, तो इससे होने वाले खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बुखार होने, ठंड लगना, सिरदर्द और उल्टी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवानी चाहिए। इस दौरान हैल्थ इंस्पेक्टर जय भगवान ने मलेरिया के फैलाव के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह बीमारी एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है, जो साफ पानी में पनपते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने देना बेहद चाहिए ताकि मच्छर ना पनप सके। उन्होंने आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और स्वास्थ्य कर्मचारियों को मलेरिया से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसमें सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना, कूलर, टंकियों और गमलों में पानी न जमा होने देना, सोते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना, घरों में समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिडकाव करवाना आदि। उन्होंने आशा वर्कर्स और स्वास्थ्य कर्मचारियों के घर-घर जाकर लोगों में जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया ताकि मलेरिया ना फैल सके। इस अवसर पर लोगों को मलेरिया जांच और उपचार की सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर चन्द्रभान नांदल, राहुल, कर्मवीर, सीमा देवी, सोनिया, सविता, सुखविंदर कौर, सुनीता देवी, बबली के अलावा अनेक स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# आमजन को भाजपा की विचारधारा के साथ जोड़ने का करें प्रयास : प्रवीण लाठर

**मलेरिया दिवस**

**इस अवसर पर मलेरिया जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में जिला में बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकताओं की मीटिंग का दौर चल रहा है। इन संगठनात्मक बैठकों में शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख, बूथ पालक एवं बीएलओ.2 एवं अन्य बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को बूथ की मजबूती के लिए जानकारियां प्रदान करने के अलावा पार्टी के अन्य कार्यक्रमों के बारे शिक्षित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन में कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी बैकबोन होते हैं, क्योंकि वे जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाते हैं, नीतियों को लागू करते हैं, जनसंपर्क करते हैं और चुनाव जीतने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, उनकी मेहनत और समर्पण के बिना कोई भी पार्टी सफल नहीं हो सकती और वह केवल कागज की पार्टी बनकर रह जाती है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी और आम जनता के बीच पुल का काम करते हैं, जिससे पार्टी को लोगों की समस्याओं और जरूरतों को समझने में मदद मिलती है और कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों, विचारधारा और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाते हैं तथा समर्पित कार्यकर्ता पार्टी के आदर्शों और सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे पार्टी की छवि बनती है

उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता आमजन को भाजपा की राष्ट्र हित की विचारधारा से जोड? का प्रयास करें। इन बैठकों में उनके साथ मंडल अध्यक्षों के अलावा शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख एवं मंडलों व बूथ स्तर तक के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम प्रकट दिवस 3 मई को बाबैन में धूमधाम से मनाया जाएगा : विकास शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 25 अप्रैल (विजय कौशिक)** : बाबैन में 3 मई को मनाए जा रहे भगवान परशुराम प्रकट दिवस जिसमें हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी होगी के लिए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बाबैन क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर लोगों को निमंत्रण दिया। इस मौके पर ब्राह्मण नेता एवं भाजपा मंडल बाबैन के प्रधान विकास शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन त्याग, धर्म और न्याय का प्रतीक है, इसलिए उनके प्रकट दिवस को 3 मई को बाबैन में पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा उर्फ डी.डी. करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर पूरे लाडवा हल्का के ब्राह्मण समाज में पुरा जोश और उत्साह का माहौल है और ब्राह्मण समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने लाडवा हल्के के सभी ब्राह्मण समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और समाज की एकजुटता का परिचय दें। इस मौके पर डॉ. फकीर चंद, सुरेन्द्र शर्मा, कृष्ण शर्मा, किरण शर्मा, सुभाष मोदगिल, गंगा नंद शर्मा, मा. सुरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### एस डी स्कूल चीका में नए सत्र की पहली प्रिंसिपल-अभिभावक बैठक संपन्न



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एस. डी. सीनियर सेकंडरी स्कूल श्री भवानी मंदिर चीका में आज नए शैक्षणिक सत्र पर पहली प्रिंसिपल-अभिभावक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का मुख्य उद्देश्य नए सत्र के लिए शैक्षणिक रूपरेखा तैयार करना और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल प्रशासन एवं अभिभावकों के बीच सीधा और पारदर्शी संवाद स्थापित करना था। इस सफल आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या करमजीत कौर ने बताया कि नए सत्र की यह पहली और बेहद महत्वपूर्ण बैठक थी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल चार दीवारी या किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों का एक टीम की तरह मिलकर काम करना सबसे ज्यादा जरूरी है। इस मीटिंग के माध्यम से पेरेंट्स को सीधे प्रिंसिपल के साथ व्यक्तिगत तौर पर बातचीत करने का एक शानदार और खुला मंच प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान अभिभावकों के साथ प्रत्येक बच्चे के पिछले सत्र की परफॉर्मेंस, उनकी रुचियों और कमजोरियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अभिभावकों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने न केवल अपने बच्चों की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की, बल्कि विद्यालय के समग्र विकास और बच्चों की शिक्षा को ओर अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने मूल्यवान सुझाव और नए आइडिया भी स्कूल प्रशासन के साथ सांझा किए। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों के सभी रचनात्मक सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें विद्यालय की आगामी योजनाओं में शामिल करने का आश्वासन दिया। इस सफल और सार्थक आयोजन पर एसडी स्कूल संस्था के प्रधान राजीव शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रिंसिपल-अभिभावक मीटिंग की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे विद्यालय की प्रगति और बच्चों के हित में उठाया गया एक उत्कृष्ट एवं सकारात्मक कदम बताया। राजीव शर्मा ने कहा कि किसी भी बेहतरीन शिक्षण संस्थान की सफलता की मजबूत नींव अभिभावकों के भरोसे पर ही टिकी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल अभिभावकों का स्कूल के प्रति विश्वास दृढ़ होता है, बल्कि स्कूल प्रशासन को भी यह समझने में मदद मिलती है कि अभिभावक अपने बच्चों के लिए कैसी शिक्षा पद्धति की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि बैठक एक बेहद सकारात्मक और ऊर्जावान माहौल में संपन्न हुई। सभी अभिभावक स्कूल प्रबंधन की इस पहल से काफी संतुष्ट नजर आए, जिससे यह स्पष्ट है कि इस मीटिंग ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए एक मजबूत ओर नई दिशा तय कर दी है।

# कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में उल्टा झाड़ू करके किया रोष प्रदर्शन

## अग्निशमन कर्मचारियों का धरना 16वें दिन में प्रवेश

**प्रदर्शन**

**प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय हड़ताल के 18वें दिन कर्मचारी नेता अशोक की अध्यक्षता में धरना व प्रदर्शन किया**




**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय हड़ताल के 18वें दिन कर्मचारी नेता अशोक कुमार की अध्यक्षता में धरना व प्रदर्शन किया गया। मंच का संचालन गुरदीप राम ने किया। इस बीच नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपालिका चीका के सफाई कर्मचारी व फायर विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर सरकार के खिलाफ उल्टा झाड़ू खड़ा कर जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी की। इस अवसर पर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए गुरदीप राम ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार कच्चे कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि आज अग्निशमन के कर्मचारी की हड़ताल को एक पखवाड़े से ऊपर का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान न किया गया, तो आंदोलन ओर तेज होगा। उन्होंने कहा कि नगरपालिका नगर परिषद व नगर निगम के कर्मचारी 27 व 28 अप्रैल को कर्मिक भूख हड़ताल करेंगे और यदि फिर भी उसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा समय रहते संगठन से बातचीत कर मांगों का समाधान न किया, तो समूचे हरियाणा में एक व दो मई से दो दिवसीय हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा प्रदेश के शहर के सफाई कर्मचारियों को 27 हजार रुपए व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार रुपए मासिक वेतन देने का वायदा किया था परंतु सरकार द्वारा मात्र 2100 रुपए बढ़कर खानापूर्ति कर दी और कर्मचारियों को बढ़ाया हुआ वेतन भी आज तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पालिका,परिषद, निगम व फायर में लगे सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को, जो 2 साल की सेवा पूरी कर चुके हैं, एक पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए और जब तक पक्के नहीं किए जाते तब तक समान काम समान वेतन लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि अन्य मांगों के साथ साथ समय-समय पर वेतन बढ़ोतरी की जाए, कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए व जोखिम भरा कार्य करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए आदि मांगों को भी जल्द पूरा किया जाए। आज के प्रदर्शन में ज्ञान विज्ञान समिति के प्रधान जगबीर सिंह, नगर पालिका यूनियन वरिष्ठ उप प्रधान चिंतो देवी, ननाराम, गुरमीत, प्रेम, सुमन, संतोष कुसुम तलविंदर सिंह व रामनिवास आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# दीपक गर्ग ने भरा नामांकन, हर समस्या का होगा समाधान



**पंचकूला। मैनपाल**
नगर निगम चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर रहीं। मेयर पद से लेकर पार्षद पद तक के उम्मीदवारों ने पूरे उत्साह और शक्ति प्रदर्शन के साथ अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। इसी कड़ी में भाजपा समर्थित पार्षद प्रत्याशी दीपक गर्ग ने भी अपने समर्थकों, पार्टी पदाधिकारियों और परिवारजनों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।
नामांकन के दौरान दीपक गर्ग के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वार्डवासी मौजूद रहे। माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया, जहां समर्थकों का उत्साह और ऊर्जा साफ झलक रही थी। नारेबाजी और समर्थन के बीच दीपक गर्ग ने आत्मविश्वास के साथ अपना नामांकन भरा।
इस अवसर पर दीपक गर्ग ने कहा कि भाजपा पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, ḩयह मेरे लिए केवल चुनाव नहीं, बल्कि सेवा का अवसर है। मैं पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा।ḩ उन्होंने आगे कहा कि वार्ड की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ḩसड़क, सफाई, पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। जनता ने अगर मुझे पार्षद बनने का अवसर दिया, तो मैं जल्द से जल्द हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करूंगा,ḩ उन्होंने दृढ़ता से कहा।
नामांकन के दौरान दीपक गर्ग में विशेष जोश और उत्साह देखने को मिला। समर्थकों का उमड़ा जनसैलाब यह दर्शा रहा था कि उन्हें वार्ड में मजबूत जनसमर्थन प्राप्त है। कार्यकताओं ने भी विश्वास जताया कि दीपक गर्ग विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे।
नगर निगम चुनाव के इस अंतिम दिन हुए नामांकन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प और कड़ा होने वाला है। अब सभी की नजरें आगामी चुनावी रण पर टिकी हैं, जहां जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधि का चयन करेगी।

# वार्ड नंबर 14 से कांग्रेस प्रत्याशी पियूष गौतम ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

**पंचकूला मैनपाल :** आज दोपहर 2:27 बजे वार्ड नंबर 14 से कांग्रेस प्रत्याशी पियूष गौतम ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर क्षेत्र के माननीय विधायक चंद्र मोहन जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज जी, जिला अध्यक्ष संजय चौहान जी, दीपक चौहान जी, सुनीता मान जी, दीपांशु बंसल जी, एडवोकेट योगेंद्र शर्मा, रजनीश शर्मा, सारिका वशिष्ठ जी, सरोज शर्मा जी, वंदना गुलरिया जी एवं अल्का सिक्का जी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।नामांकन की प्रक्रिया लगभग 5



मिनट तक चली, जिसमें सभी आवश्यक कागजी औपचारिकताएं पूरी की गईं।

# पुलिस की नशा विरोधी टीम ने ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

## चीका, पोलड़, कल्लर माजरा, पीडल व गुहला में चलाया जागरूकता अभियान

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नशा मुक्त हो जिला मुहिम के तहत समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कैथल पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व एवं निदेर्शानुसार जिले भर में नशा जागरूकता अभियान निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेषकर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशा जागरूकता टीम, में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई मनोज, एचसी दिनेश, सिपाही नसीब, महिला सिपाही नीलम, महिला एसपीओ गीता व एसपीओ चांदी राम की टीम द्वारा गुहला हलका के गांव चीका, पोलड़, कल्लर माजरा, पीडल व गुहला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों,



युवाओं, विद्यार्थियों तथा महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और आने वाले भविष्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। युवाओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए उन्हें खेल, शिक्षा एवं रोजगार जैसे सकारात्मक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सकें। इसके साथ ही आमजन को यह भी अवगत कराया गया कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशे का अवैध कारोबार हो रहा है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस टीम ने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और सूचना के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
ग्रामीणों ने भी पुलिस के इस अभियान की सराहना करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। कैथल पुलिस का नशे के खिलाफ यह जागरूकता अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी और ठोस कदम उठाए जा सकें।

# गांव किशनपुरा में चाकू से गोदकर बुजुर्ग पिता की हत्या

**कलयुगी बेटा**

**बुजुर्ग पिता की हत्या करने के मामले में आरोपी बेटे को ऐलनाबाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया**

**सिरसा.(शुभम.खटक)**..बीती रात्रि ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव किशनपुरा में रात्रि के समय चाकू से हमला कर बुजुर्ग पिता की हत्या करने के मामले में आरोपी बेटे को ऐलनाबाद थाना पुलिस ने चंद ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि बीती रात्रि मृतक संतलाल की बेटी अलका रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव साहूवाला प्रथम में शादीशुदा है, बीती रात्रि समय करीब 9:00 बजे उसके चचेरे भाई का फोन आया कि देशराज ने शराब के नशे में लड़ाई झगड़ा कर तुम्हारे पिता संतलाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है । हत्या की सूचना मिलते ही वह अपने परिवार सहित गांव किशनपुरा में पहुंची और आस पड़ोस से पता किया तो उन्होंने बताया कि आपके पिताजी को सरकारी अस्पताल ऐलनाबाद में भर्ती करवाया गया । तुरंत प्रभाव से ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल में पहुंचकर देखा तो मेरे पिताजी की डेड



बॉडी मोर्चरी में रखी थी और मेरे पिताजी के पेट में चाकू के काफी बड़े बड़े घाव पड़े हुए थे तथा शरीर पूरी तरह से खून से लथपथ था । पीड़िता ने बताया कि उसने पूरी तरह से छानबीन कर ली है की उसके पिता का हत्यारा उसका भाई देशराज ही है जिसने मेरे पिता के पेट में चाकू मार कर हत्या कर दी है । मामला जैसे ही पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के संज्ञान में आया उन्होंने तुरंत प्रभाव से पुलिस टीमों का गठन कर मामले को शीघ्र अति शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए थे । ऐलनाबाद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रगट सिंह ने बताया ने बताया कि ऐलनाबाद थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक संत लाल की बेटी अलका रानी की शिकायत पर थाना ऐलनाबाद में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

# अज्ञात कारणों के चलते 3 एकड़ गेहूं के फाने जलकर राख

**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** गांव सांगीपुर रकबे में शनिवार को गेहूं के फानों में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई, जिससे आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही किसानों ने तुरंत अपने ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए और काफी हद तक आग को फैलने से रोक लिया। हालांकि इस दौरान करीब 3 एकड़ में गेहूं के फाने जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और



हालात का जायजा लिया।
डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारी राजकुमार ने बताया कि उन्हें सांगीपुर गांव के रकबे में गेहूं के फानो में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचते ही दमकल विभाग को इसकी सूचना दी, हालांकि किसानों द्वारा खुद ही समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा नुकसान होने से बचाव हो गया।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** पारिवारिक विवाद के चलते एक 29 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महेंद्रगढ़ शहर थाना पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।
पुलिस को दिए बयान में मोहल्ला कानोडिया निवासी रत्नलाल सोनी ने बताया कि उसका भतीजा अभिषेक सोनी की शादी नेहा से करीब 5 साल पहले हुई थी। पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था और उनकी कोई संतान भी नहीं थी।

# सूर्यकांत ने रखी न्यायिक रिहायशी मकानों की आधारशिला

**न्यायिक**

**हरियाणा में न्यायिक संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया**

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम,25 अप्रैल।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया/ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भिवानी से वर्चुअल तरीके से तोशाम के न्यायिक अधिकारियों के लिए रिहायशी मकानो की आधारशिला रखी।
हरियाणा में न्यायिक संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। तोशाम में न्यायिक अधिकारियों के आवासों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। इस समारोह की गरिमा माननीय श्री न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के मुख्य न्यायाधीश, माननीय श्री शील नागू मुख्य न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, माननीय श्री अश्विनी मिश्रा,



न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय माननीय श्री दीपक सिब्बल न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, माननीय श्री हरसिमरन सिंह सेठी न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय सह-अध्यक्ष, भवन समिति, हरियाणा, माननीय श्री कुलदीप तिवारी, न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय सह-प्रशासनिक न्यायाधीश भिवानी तथा माननीय सुश्री शालिनी सिंह नागपाल न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय सह-प्रशासनिक न्यायाधीश भिवानी, डीसी साहिल गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। जबकि तोशाम में एसडीजेएम सुनील कुमार, एसडीएम संदीप कुमार, तोशाम बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मंदीप काटिया, पूर्व प्रधान सत्यवान श्योराण , पूर्व प्रधान गुलशन काठपालिया सहित अधिवक्ता गण व कानूनविद उपस्थित रहे। तोशाम में जजों के चार रिहायशी मकान बनाने के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये की धनराशि खर्चे की जाएगी। ये चारों मकान तोशाम बवानी खेड़ा मार्ग पर एक एकड़ एक कनाल 4.7 मरला में प्रति मकान 630 स्केयर मीटर में बनेगा जो कि दो वर्ष में बनकर तैयार किए जाएंगे।

# ठगी करने के मामलें में अन्य दो आरोपी जयपुर से काबू

**शिकंजा**

**इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर सिरसा जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार किए गए हैं**

**सिरसा (शुभम खटक)**
पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए साइबर क्राइम थाना सिरसा की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को राजस्थान के जयपुर जिले से काबू किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि खैरपुर कॉलोनी, सिरसा निवासी एक महिला के साथ करीब 2 लाख 89 हजार रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से एक लिंक प्राप्त हुआ। जैसे ही उसने उस लिंक पर क्लिक किया, वह टेलीग्राम ऐप से जुड़ गई, जहां उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफा कमाने के आकर्षक संदेश दिखाए गए।साइबर ठगों ने महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए शुरू में उसके द्वारा निवेश की गई छोटी राशि पर नकली मुनाफा दिखाया और कुछ पैसे उसके खाते में वापस भी भेजे। इससे महिला का विश्वास बढ़ गया और उसने अधिक लाभ के लालच में आकर धीरे-धीरे कुल 2 लाख 89 हजार रुपये निवेश कर दिए। जब उसने



अपनी पूरी राशि निकालने का प्रयास किया तो संबंधित लिंक बंद हो चुका था और उसे ठगी का अहसास हुआ।पीड़िता की शिकायत के आधार पर 20 मार्च 2026 को साइबर थाना सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों कमल पुत्र शंकर लाल निवासी गांव मारवा जिला जयपुर (राजस्थान) तथा राकेश पुत्र कान्हा राम निवासी टयोढ जिला अजमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर सिरसा जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है और इस ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस दीपक सहारन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निवेश संबंधी लालच देने वाले संदेशों से सावधान रहें। साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता ही सबसे प्रभावी उपाय है।

# वार्ड नंबर 3 से पार्षद पद कीआजाद उम्मीदवार बेनु राव ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 3 में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वार्ड नंबर 3 से आजाद उम्मीदवार बीनू राव ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ समर्थकों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही और समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर उनका उत्साह बढ़ाया।
नामांकन दाखिल करने के बाद बेनु राव ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर 3 में जनता बदलाव के मूड में है और आजाद उम्मीदवार को भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा के प्रत्याशी



आमने-सामने खड़े होकर आपसी खींचतान में उलझे हुए हैं, वहीं कांग्रेस भी गुटबाजी और अंदरूनी कलह से जूझ रही है। ऐसे में क्षेत्र की जनता पारंपरिक दलों से हटकर एक मजबूत और ईमानदार विकल्प के रूप में आजाद उम्मीदवार को देख रही है। बेनु अराव ने दावा किया कि वार्ड की जनता ने इस बार आजाद उम्मीदवार को जिताने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देकर काम किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### आम आदमी पार्टी के पार्षद पद के उम्मीदवार गगन चावला ने नामांकन पत्र दाखिल किया



**पंचकूला मैनपाल :** वार्ड नंबर 6 से आम आदमी पार्टी के पार्षद पद के उम्मीदवार गगन चावला ने आज सैकड़ों समर्थकों के साथ जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेंद्र राठी, तरसेम मित्तल, डंडा, लक्ष्य चावला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

नामांकन के बाद गगन चावला ने कहा कि आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अ१५ल्ला ड्ढ्ढ१६' की जनहितकारी नीतियों और विकास मॉडल से प्रेरित होकर उन्होंने वार्ड नंबर 6 से चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरेंगे।

गगन चावला ने दावा किया कि वार्ड नंबर 6 की जनता बदलाव चाहती है और आम आदमी पार्टी को भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर यह सीट पार्टी की झोली में डालेंगे। उन्होंने वार्ड के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और जनसमस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया।

नामांकन के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने जीत के नारे लगाए और चुनावी माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

### अंतरविद्यालयी खेल प्रतियोगिता में इंडियन पब्लिक स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन



**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** शिवानंद प्रवीण पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रादौर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान टग ऑफ वॉर (रस्साकशी), खो-खो व कबड्डी जैसे खेल आयोजित किए गए, जिसमें स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-12 वर्ग में लड़कों की टग ऑफ वॉर टीम तथा अंडर-14 वर्ग में लड़कियों की खो-खो टीम ने शानदार जीत हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ईश कुमार ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।

### 40 दिन बाद रूस से करनाल पहुंचा युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के बसंत विहार निवासी एक 20 वर्षीय युवक की रूस में संदिग्ध हालात में मौत के 40 दिन बाद उसका पार्थिव शरीर शनिवार को करनाल पहुंचा। युवक 16 मार्च को टूरिस्ट वीजा पर रूस गया था, जहां उसकी बिल्डिंग से गिरने से मौत हो गई। परिवार को घटना की सूचना वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए मिली थी। शासन-प्रशासन की मदद के बाद शव भारत लाया गया और शिवपुरी में अंतिम संस्कार किया गया।

करनाल बसंत विहार निवासी देव पुंडीर 16 मार्च को रूस गया था। परिवार के अनुसार करीब 16 दिन पहले शनिवार को उसकी आखिरी बार बात हुई थी। उस समय देव ने बताया था कि वह बिल्कुल ठीक है और सोने जा रहा है। इसके बाद अचानक रात में वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए उसकी मौत की खबर मिलीए जिससे परिवार गहरे सदमे में आ गया।देव पुंडीर के परिजनों का कहना है कि उन्हें इस घटना में अनहोनी की आशंका है।

# पंचकूला में बदलाव के संकल्प के साथ राजेश मनोचा ने भरा नामांकन

**नामांकन**

- नामांकन के दौरान समर्थकों ने पार्टी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल ।** आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार राजेश मनोचा ने शनिवार को सैकड़ों समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर उनके साथ ओमप्रकाश गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजीव मनोचा, राहुल गुप्ता, स्वर्णपाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नामांकन भरने के बाद राजेश मनोचा ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की नीतियों पर चलते हुए पंचकूला को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में मौजूदा समय में सफाई व्यवस्था बदहाल है, जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, पार्कों की हालत खराब है और कई सड़कों की स्थिति जर्जर बनी हुई है, जिससे आम जनता परेशान है।

राजेश मनोचा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व भाजपा मेयर के कार्यकाल में 160 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया था, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पारदर्शी और ईमानदार राजनीति के साथ पंचकूला की तस्वीर बदलने के लिए चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने दावा किया कि जनता इस बार बदलाव चाहती है और आम आदमी पार्टी को समर्थन मिल रहा है।

मनोचा ने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो शहर में सफाई, बेहतर सड़कें, पार्कों का विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आम आदमी पार्टी पंचकूला में मेयर पद का चुनाव जीतकर अरविंद केजरीवाल के विजन को सफल बनाएगी। नामांकन के दौरान समर्थकों ने पार्टी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।

## नगर पालिका कर्मचारियों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ रोष जताया और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे उन्हें बार-बार सडकों पर उतरना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारी राजकुमार ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। इसके बावजूद सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है और हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी की जा रही है।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने कहा कि कच्चे कर्मचारियों का वेतन बहुत कम है। ऐसे में उन्हें यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि बच्चों की पढ़ाई कराएं या घर का राशन लाएं। उनका आरोप है कि सरकार ने हमेशा कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है और उनका शोषण किया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कर्मचारियों से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। इसी कारण उन्हें बार-बार आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो 27 और 28 अप्रैल को भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 2 मई से राज्यव्यापी हड़ताल शुरू की जाएगी, जो अनिश्चितकालीन भी हो सकती है।

### सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार, 3420 रुपये बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** थाना जठलाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव जठलाना निवासी अरुण कुमार के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से 3420 रुपये नकद बरामद किए गए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मुकंद लाल स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**भाषण प्रतियोगिता**

- छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में खेल व पढ़ाई विषय पर गुंजन ने प्रथम, व मयंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** मुकंद लाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने तीन वर्गों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में ह्लखेल व पढ़ाई जरूरीह्व विषय पर गुंजन ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय व भूमि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं-दसवीं वर्ग में ह्लमोबाइल फोनः जरूरत या लतह्व विषय पर रिदिमा प्रथम व पारुल द्वितीय रही।

वहीं ग्यारहवीं-बारहवीं वर्ग में ह्ललक्ष्य के बिना जीवन अधूराह्व विषय पर जागृति ने प्रथम, अनोखी ने द्वितीय व गायत्री ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विजेताओं को बधाई देते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता का आयोजन अध्यापिकाएं मोना चोपड़ा, उर्वशी, कमलेश व वंदना ने किया, जबकि किरण व पूजा ने अतिथि निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, उतरते समय फिसला पैर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक दिल्ली से अपने बड़े भाई से मिलने के लिए करनाल आया था। हादसा उस समय हुआ जब वह ट्रेन से उतर रहा था। ट्रेन पूरी तरह रुकी थी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय विकास उर्फ विक्की निवासी शिव कॉलोनीए करनाल के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कैथल के पाडला गांव का रहने वाला था। वह दिल्ली में काम करता था और अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहता था। उसकी शादी पांच साल पहले हुई थी और वह दो साल की एक बेटी का पिता था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्की शुक्रवार सुबह दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर करनाल आ रहा था।

जैसे ही ट्रेन करनाल पहुंची और वह उतरने लगाए तभी उसका पैर फिसल गया और प्लेटफार्म और ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## रिपु सूदन सिंह गीता विद्या मंदिर स्कूल में भूमि सुपोषण विषयक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 25 अप्रैल (विजय कौशिक):** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध रिपु सुदन सिंह गीता विद्या मंदिर विद्यालय, बाबैन में भूमि सुपोषण विषय पर एक गरिमामयी एवं ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के 32 ग्रामों से पधारे कृषक समुदाय की उल्लेखनीय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता दृष्टिगोचर हुई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत ग्राम विकास गतिविधि के संयोजक हरीश का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके साथ कुरुक्षेत्र जनपद के जिला कार्यवाह देवन की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक अभिवर्धित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम सैनी ने उपस्थित अतिथियों एवं कृषकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जैविक खेती की ओर अग्रसर होना समय की अनिवार्य आवश्यकता है, जिससे मृदा की उर्वरता का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके तथा पर्यावरणीय संतुलन को अक्षुण्ण रखा जा सके।

अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने रासायनिक कृषि पद्धतियों के दुष्परिणामों का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए जैविक खेती की अपरिहार्यता एवं उसके बहुआयामी लाभों पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित कृषकों ने सामूहिक रूप से जैविक कृषि पद्धति को आत्मसात करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया तथा यह शपथ ग्रहण की कि वे भविष्य में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग को यथासंभव न्यूनतम स्तर तक सीमित रखेंगे।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फकीर चंद शर्मा, प्रबंधक विनोद सिंगला, कोषाध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश तथा सदस्यगण हरकेश सैनी एवं राम ऋषि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 32 ग्रामों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ तथा कृषकों की विशाल उपस्थिति ने इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली बनाया।

## संत निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया मानव एकता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** संत निरंकारी सत्संग भवन में संयोजक पवन ग्रोवर की अध्यक्षता में मानव एकता दिवस श्रद्धा, उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्संग से हुआ, जिसमें भक्ति गीतों व विचारों के माध्यम से आपसी सद्भाव और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संयोजक पवन ग्रोवर ने कहा कि मानव एकता ही समाज में शांति और खुशहाली का आधार है। उन्होंने लोगों से जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे को इंसान के रूप में देखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संत निरंकारी मिशन द्वारा ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व की भावना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही मानव एकता के लिए बलिदान देने वाले संत महात्माओं को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मानव एकता, प्रेम और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : डॉ. विजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 25 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय परमार ने बढ़ती भीषण गर्मी और शुष्क लू को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में खुद को सुरक्षित रखने के लिए दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें और यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो अपने सिर को सूती कपड़े या टोपी से ढककर रखें ताकि सीधी धूप से बचाव हो सके। डॉ. परमार ने खान-पान पर विशेष जोर देते हुए बताया कि शरीर में पानी की कमी न होने दें

## हाइटेंशन टावर लाइन की चपेट में आया युवक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के विकास नगर इलाके में हाईटेंशन टावर लाइन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा उस समय हुआ, जब युवक अपने घर की छत पर गया हुआ था। जैसे ही वह तार के संपर्क में आया, जोरदार धमाका हुआ और घर में दरार आ गई। साथ ही बिजली के उपकरण जल गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल युवक की पहचान ललित कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार ललित खाना खाने के बाद छत पर गया था। तभी अचानक घर के अंदर उपकरणों में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। जब लोग बाहर पहुंचे तो देखा कि ललित हाईटेंशन तार की चपेट में आकर करंट लगने से बुरी तरह झुलस चुका था। उन्होनें बताया कि ललित कुमार के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से थोड़ा अस्वस्थ है। वह बातें समझता है लेकिन थोड़ी देर से प्रतिक्रिया देता है।

हादसे के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और ईआरवी की मदद से घायल को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईटेंशन लाइन के कारण पहले भी दो-तीन बार ऐसे हादसे हो चुके हैं। इसकी शिकायत भी कई बार विभाग से कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि ये तार इतने खतरनाक हैं कि पास जाने वाले को दूर से ही अपनी ओर खींच लेते हैं। कई बार दीवारों में भी करंट महसूस होता है और बारिश के दिनों में खतरा और बढ़ जाता है।

## नागरिक जनगणना में सक्रिय भागीदारी कर राष्ट्र की उन्नति में करे योगदानः एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):झजिला में** जनगणना के महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने के उद्देश्य को लेकर डीसी राहुल नरवाल के निदेर्शानुसार एसडीएम एवं जिला जनगणना नोडल अधिकारी राजेश खोथ द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वे प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में भाग लेकर नागरिकों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

इस अभियान के तहत नारनौंद नगर पालिका कार्यालय, हांसी नगर परिषद कार्यालय तथा एचएसवीपी ग्राउंड, हांसी में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। इन शिविरों के दौरान न केवल लोगों को जनगणना की प्रक्रिया समझाई जा रही है, बल्कि मौके पर ही उनकी पारिवारिक जानकारी जनगणना पोर्टल पर अपलोड भी करवाई जा रही है।

राजेश खोथ ने नारनौंद तथा हांसी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक स्व गणना के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। नागरिकों को पहली स्व गणना का अवसर दिया जा रहा है। नागरिकों को इस पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी अपलोड कर देश के विकास में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार को विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी सही और पूर्ण जानकारी अवश्य दें, ताकि भविष्य की योजनाएं अधिक सटीक और लाभकारी बन सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी है। इसलिए सभी लोग समय रहते स्व गणना प्रक्रिया को पूरा करें और प्रशासन का सहयोग करें।

## इनेलो प्रत्याशी गुरदिस ने भरा नामांकन, जीत का किया दावा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल :** वार्ड नंबर 7 से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पार्षद पद के उम्मीदवार गुरदिस ने आज पूर्व विधायक सीमा चौधरी और सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और इनेलो के समर्थन में नारेबाजी भी की गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सीमा चौधरी ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निदेर्शानुसार इनेलो सभी वार्डों में मजबूती से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गुरदिस को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने दावा किया कि वार्ड नंबर 7 से इनेलो भारी मतों से जीत दर्ज करेगी।


उम्मीदवार गुरदिस ने कहा कि वह वार्ड के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और लोगों की सेवा को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इनेलो की नीतियों से प्रभावित होकर लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। इनेलो नेताओं ने भरोसा जताया कि इस बार नगर निगम चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर पंचकूला की राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी।

## कैंसर बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं: उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि कैंसर से लड़ने और विजय प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क से मजबूत रहना जरूरी है। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए विशेष रूप से युवाओं से नशीले पदार्थों और तंबाकू आदि से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कैंसर उपचार के अंतर्गत कीमोथेरेपी जैसी कठिन उपचार विधि के स्थान पर नवीनतम चिकित्सा अनुसंधानों में टैबलेट के जरिए उपचार की पहल उत्साहजनक है। उपराष्ट्रपति शनिवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में कैंसर सरवाइवर्स डे के अवसर पर कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुद्ध पानी की उपलब्धता सबके लिए आवश्यक है। प्रतिवर्ष कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कैंसर के उपचार के तहत कैंसर




रोगियों को प्रति वर्ष पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज मिलता है। इसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसे प्रमुख कैंसर उपचार शामिल हैं।

**बचाव**

**□ कैंसर से बचाव के लिए विशेष रूप से युवाओं से नशीले पदार्थों और तंबाकू आदि से दूर रहने का आह्वान किया**

यह योजना देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में ब्रेस्ट, फेफड़े और मुंह के कैंसर सहित अन्य प्रकारों के इलाज को कवर करती है। गरीब मरीजों के इलाज के लिए एकमुश्त 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भी ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत राशि का व्यय कैंसर बचाव के लिए किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर इस समय देश में द्वितीय सबसे अधिक होने वाला कैंसर है। इसके बचाव के लिए वेक्सिनेशन के साथ उपचार के लिए कारगर प्रयासों की पहल केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा की गई है। राजस्थान कैंसर से लड़कर उससे मुक्त होने वालों में अग्रणी है। जो लोग कैंसर से लड़कर आज यहां उपस्थित हैं, वे प्रेरणा देने वाले हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि जिस तरह से टीबी मुक्त अभियान चलाकर उससे मुक्ति के प्रभावी प्रयास हुए हैं, उसी तरह कैंसर मुक्त राजस्थान अभियान चलाकर प्रभावी प्रयास किए जाने की जरूरत है। बागड़े ने कहा कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट वालों को कैंसर अधिक होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

## राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे हेमवती नंदन बहुगुणा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पुष्पांजलि**

**□ योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर किया नमन, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। शनिवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौढ़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर ह्यभारत छोड़ो आंदोलनह्ण में बहुगुणा जी की सक्रिय सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी डाला था। 1952 में पहली बार बने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा का अपना दृष्टिकोण था। उसे आज भी प्रभावी रूप से धरातल पर उतरते हम सभी महसूस कर सकते हैं। बहुगुणा जी ने केंद्र सरकार में भी अनेक मंत्रालयों में सेवाएं दीं। लंबे राजनीतिक व सार्वजनिक जीवन में देश के प्रति उनकी सेवा उल्लेखनीय रही हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

### गंगा एक्सप्रेसवे : 594 किमी. का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करने जा रहे हैं। करीब 594 किमी. लंबा यह एक्सप्रेस-वे न केवल देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल है, बल्कि इसे योगी सरकार की रणनीतिक योजना और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के प्रभावी क्रियान्वयन का एक सफल उदाहरण भी माना जा रहा है। लगभग 37 हजार करोड़ की लागत वाले इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर तेजी से आगे बढ़ाया गया। यही मल्टी-पैकेज मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को चार प्रमुख पैकेज में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित किया गया।

## फर्जी राशन कार्ड और आयुष्मान योजना की होगी गहन जांच: सीएम

**सख्ती**

**□ अधिकारियों को सभी जिलों में राशन कार्डों के पुन: सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड में फर्जी राशन कार्ड,आधार और आयुष्मान कार्ड के दुरूपयोगी की शिकायत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। वे संबंधित अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों में राशन कार्डों के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रमुख सचिव एल.फैनई ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर राशन कार्डों के गहन सत्यापन के आदेश दिए हैं। शिकायतों में यह आशंका जताई गई है कि कुछ लोगों की ओर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड बनवाकर आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया जा रहा है। इसके अलावा गैस कनेक्शन सब्सिडी और अन्य सरकारी लाभ योजनाओं के दुरुपयोग के मामले भी सामने आए हैं। राज्य में पहले भी इस तरह का सत्यापन अभियान चलाया गया था,जिसमें करीब 70 हजार यूनिट्स को संदिग्ध पाया गया था। हालांकि,बाद में यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। अब एक बार फिर से इस अभियान को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में करीब 9,050 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें संचालित हैं, जिनके माध्यम से 23,40,864 राशन कार्डों पर लगभग 94.95 लाख लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

## हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर मुख्यमंत्री धामी ने किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। धामी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बहुगुणा ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को घंटाघर के निकट एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में स्व. बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहुगुणा केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने पहाड़ी अंचलों की समस्याओं के समाधान के लिए

**श्रद्धांजलि**

**□ बहुगुणा ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की**

प्रभावी पहल की, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली। उनका संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और जनहित में कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। स्व. बहुगुणा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जापान के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर अपने जापान प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार की उद्योगोन्मुखी और निवेश प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों



के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जापान तकनीकी दृष्टि से अग्रणी देश है और वहां की उन्नत विशेषज्ञता का लाभ छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निवेश और सहयोग से

**चर्चा**

**□ छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं, तकनीकी सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की**

प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल और पारदर्शी वातावरण तैयार हुआ है, जिससे उद्योगों के विस्तार के लिए बेहतर संभावनाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में अपने निवेश को और बढ़ाने की इच्छा भी व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एफसेनल के डायरेक्टर युकीहिरो मोमोसे, कोनोइके ट्रांसपोर्ट के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर तोशीहीरो फूजीवारा, एफएसएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील कुमार दीक्षित तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी के. डी. दीवान उपस्थित थे।



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के शनिवार को जयपुर पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उनकी एयरपोर्ट पर अगवानी की। उप राष्ट्रपति कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह में शामिल होने जयपुर पहुंचे।

## साय ने हज यात्रियों को वितरित किया फर्स्ट एड किट

**कामना की**

**□ कार्यक्रम में हज यात्रियों को फर्स्टएड किट सौंपकर उनकी सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की**




**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हज यात्रियों को फर्स्टएड किट सौंपकर उनकी सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि रायगढ़ से सांसद रहने के समय से लेकर आज तक लगातार हज यात्रियों के स्वागत का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश से कुल 815 हज यात्री यात्रा पर जा रहे हैं और पहली बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया तथा मेडिकल किट भी उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों से देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का आग्रह करते हुए उनकी यात्रा की सफलता की कामना की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ के हज यात्रियों को यह पावन अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रदेश और देश की खुशहाली के लिए दुआ करें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अब हज यात्रा के लिए लंबी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती और अधिक लोगों को यह अवसर मिल रहा है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हुआ है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग ने भी संबोधित किया और हज यात्रा से जुड़ी जानकारी साझा की।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों से बदल रही है राज्यों की जनसंख्या संरचना: हिमंत

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव केवल एक राज्य का चुनाव नहीं है, बल्कि पूरे देश से जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण राज्य की जनसंख्या संरचना बदल रही है और इसका असर पड़ोसी राज्यों तक पहुंच रहा है। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 126 में से 100 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण की 152



सीटों में से 110 सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 200 से अधिक सीटें भी जीत सकती है। उनके अनुसार पहले चरण में लगभग 93 प्रतिशत मतदान यह दिखाता है कि अब भय का वातावरण नहीं है और लोग खुलकर समर्थन कर रहे हैं। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर बाहरी नेताओं का मुद्दा उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि घुसपैठ का प्रभाव केवल बंगाल और असम तक सीमित नहीं है, बल्कि झारखंड, बिहार

**आरोप**

**□ पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव केवल एक राज्य का चुनाव नहीं है, बल्कि पूरे देश से जुड़ा विषय है**

और अन्य राज्यों तक फैल रहा है। आरोप लगाया कि यदि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ तो राज्य ह्वबांग्लादेश का विस्तारह्व बन सकता है। उनका कहना था कि एक बार जनसंख्या संतुलन बदलने के बाद उसे वापस लाना कठिन होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा का 54 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम बंगाल से जुड़ा है, जबकि त्रिपुरा का 21 प्रतिशत, मेघालय का 11 प्रतिशत, मिजोरम का आठ प्रतिशत और असम का छह प्रतिशत हिस्सा सीमा से लगता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक राज्य की सीमा खुली रहती है तो उसका प्रभाव सभी सीमावर्ती राज्यों पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों से प्रवेश करने वाले घुसपैठिये पश्चिम बंगाल में नहीं रुकते, बल्कि असम और देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचते हैं। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सीमा पर बाड़बंदी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सहयोग न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असम में 100 प्रतिशत बाड़बंदी हो चुकी है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री और मुंगेर से सांसद ललन सिंह भी मौजूद रहे। यह मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। हालांकि नेताओं के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को लेकर कई तरह



के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि संभावित कैबिनेट विस्तार और सरकार की आगामी रणनीति को लेकर नेताओं के बीच चर्चा हुई हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित किया था। फ्लोर टेस्ट से पहले सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार की खुलकर प्रशंसा की थी।